# श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय,
# बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल

पत्रांक संख्या–3209/R.O/SDSUV /Answersheet Printing/2025 दिनांक–20अगस्त, 2025

**ई–निविदा सूचना वर्ष 2025–26**
**(उत्तर पुस्तिका मुद्रण कार्य)**

एतदद्वारा उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली–2017 के अन्तर्गत निविदा कार्य (उत्तरपुस्तिका मुद्रण एवं आपूर्ति) हेतु इच्छुक प्रतिष्ठित, ख्यातीप्राप्त, अनुभवी एवं पंजीकृत फर्मो से उत्तरपुस्तिका मुद्रण एवं आपूर्ति हेतु द्वि–निविदा प्रणाली के अन्तर्गत (तकनीकी एवं वित्तीय) उत्तराखण्ड ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल **https://uktenders.gov.in** के माध्यम से दिनांक 12.09.2025 को सांय 05:00 बजे तक निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। विस्तृत जानकारी उत्तराखण्ड ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल **https://uktenders.gov.in** पर एवं विश्वविद्यालय की आधिकारिक वैबसाईट **https://sdsuv.ac.in** पर देखी जा सकती है।

Digitally signed by
DINESH CHANDRA
Date: 20-08-2025
18:46:26

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव कुलपति जी को, माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
2. समाचार सम्पादक, दैनिक जागरण को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति का साईज 8X5 से0मी0 में दिनांक 21.08.2025 के उत्तराखण्ड संस्करण में (10 प्रतिशत छूट के साथ) प्रकाशित कर बिल दो प्रतियों में भुगतान हेतु इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3. मुख्य वित्त अधिकारी।
4. विश्वविद्यालय की आधिकारिक वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
5. कार्यालय प्रति।

–ह0–
(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव।

श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय,
बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल
E-Mail-registrarsdsu2018@gmail.com

पत्रांक :–3209/R.O./SDSUV/A.P./2025–26 दिनांकः– 20 अगस्त, 2025

# ई–निविदा सूचना

एतदद्वारा उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली–2017 के अन्तर्गत निम्नलिखित निविदा कार्य हेतु इच्छुक प्रतिष्ठित, ख्यातीप्राप्त, अनुभवी एवं पंजीकृत फर्मों से उत्तरपुस्तिका मुद्रण एवं आपूर्ति हेतु द्वि–निविदा प्रणाली के अन्तर्गत (तकनीकी एवं वित्तीय) उत्तराखण्ड ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल https://uktenders.gov.in के माध्यम से दिनांक 12.09.2025 को सांय 17:00 बजे तक निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं, जिसमें सम्बन्धित विस्तृत विवरण निम्नानुसार है–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा कार्य | श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय में परीक्षाओं कार्यो हेतु उत्तरपुस्तिका मुद्रण एवं आपूर्ति। |
| 2 | निविदा आमन्त्रित कर्ता अधिकारी | कुलसचिव, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल। |
| 3 | ई निविदा शुल्क | रू0 3000.00 (रू0 तीन हजार मात्र) जी0एस0टी0 सहित का बैंक ड्राफ्ट (वित्त अधिकारी, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल के नाम देय। जिसकी वैधता 45 दिवसों से कम ना हो। |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | अनुमानित लगभग रू0 60.00 लाख (रू0 साठ लाख) |
| 5 | निविदा प्रतिभूति | रू0 1.20 लाख (रू0 एक लाख बीस हजार मात्र) एफ0डी0आर0/बैंक गारन्टी के रूप में (वित्त अधिकारी, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल) के नाम देय। जिसकी वैधता निविदा समाप्ति की तिथि से (90+45) 135 दिवसों की होगी। |
| 6 | कार्यपूर्ति प्रतिभूति (Performance Security) | निविदा मूल्य का 05 प्रतिशत का एफ0डी0आर0/बैंक गारन्टी के रूप में (वित्त अधिकारी, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल) के नाम देय। जिसकी वैधता अनुबन्ध की समाप्ति की तिथि से 60 दिन बाद तक होगी। |
| 7 | कार्य अनुभव | उत्तर पुस्तिकाओं के निर्माण एवं आपूर्ति का न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र अनिवार्य है जो कि विश्वविद्यालयों/संस्थानों द्वारा जारी किया गया हो। |
| 8 | वार्षिक टर्न ओवर | विगत तीन वर्षो 2021–22. 2022–23. 2023–24 का टर्नओवर औसतन 50,00,000 (रूपये पचास लाख) प्रतिवर्ष होना आवश्यक है जिसका प्रमाण पत्र सी०ए० द्वारा जारी होना चाहिये। नेट वर्थ पिछले 03 वर्ष की किसी भी दशा में नकरात्मक न हो। |
| 9 | ई–निविदा प्रपत्र वैबसाईट पर उपलब्ध होने की तिथि | दिनांक 21 अगस्त, 2025 सांय 05:00 बजे |
| 10 | निविदा पृच्छा समाप्ति की अन्तिम तिथि | दिनांक 25 अगस्त, 2025 सांय 04:00 बजे |
| 11 | प्री बिड मीटिंग का दिनांक, समय एवं स्थान | दिनांक 26.08.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल |
| 12 | निविदा अपलोड करने की प्रारम्भिक तिथि | दिनांक 26.08.2025 अपरान्ह 16:00 बजे |
| 13 | ई–निविदा तकनीकी/वित्तीय बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 12.09.2025 सांय 05:00 बजे तक |
| 14 | तकनीकी ई–निविदा खोलने की तिथि/समय/स्थान | दिनांक 16.09.2025 पूर्वाहन 11:00 बजे श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल। |
| 15 | ई–निविदा की वित्तीय बिड खोले जाने की तिथि/समय | दिनांक 16.09.2025 सांय 03:00 बजे श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल |

## तकनीकी निविदा की शर्तें–

तकनीकी निविदा के साथ निम्न विवरणानुसार अभिलेख उक्त पोर्टल में अपलोड करना होगा एवं इन अभिलेखों के साथ ही तकनीकी निविदा का मुहरबन्द लिफाफा दिनांक 12.09.2025 के 05.00 बजे सांय तक कुलसचिव, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल के कार्यालय में जमा करना होगा। डाक से तकनीकी निविदा के अभिलेख प्रेषित करने वाले निविदादाता निविदा इस प्रकार प्रेषित करे कि वह दिनांक 12.09.2025 के 05.00 बजे सांय कुलसचिव कार्यालय, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के कार्यालय में प्राप्त हो जाये। निर्धारित तिथि एवं समय तक ऑफलाईन माध्यम से तकनीकी निविदा इस विश्वविद्यालय में प्राप्त न होने की दशा में उसकी ऑनलाईन तकनीकी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

1. तकनीकी निविदा के लिफाफे के बाहर **"उत्तर पुस्तिकाओं की आपूर्ति हेतु निविदा"** स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिये तथा निविदादाता अपना **फोन/मोबाईल नम्बर** अंकित करें।
2. तकनीकी निविदा फार्म वांछित सूचनाओं को भरकर निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करना आवश्यक होगा तथा मूल निविदा फार्म तकनीकी लिफाफे में रखकर इस विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना होगा।
3. उत्तर पुस्तिका के मुद्रण में किसी भी मिल का वाटर मार्क मैफलिथो पेपर 70 GSM का कागज (45.5X56 सेमी०) प्रयुक्त करना होगा जिसका नमूना 02 प्रतियों में तकनीकी लिफाफे में रखकर इस विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना होगा तथा कागज का नमूना निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड नहीं किया जाना है।
4. उत्तरपुस्तिकाओं के निर्माण में सेंचुरी/हिन्दुस्तान पेपर मिल्स का पेपर 70 जी0एस0एम0 का कागज प्रयुक्त करना होगा। पेपर पर स्याही फैलनी नहीं चाहिये अन्यथा आपकी निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
5. जिस फर्म की निविदायें अस्वीकृत हो जायेंगी उससे सम्बन्धित धरोहर राशि एक माह के भीतर सम्बन्धित फर्म को वापस कर दी जायेंगी।
6. निविदा की निर्धारित अन्तिम तिथि 12.09.2025 समय सांय 05:00 बजे तक वेबसाईट : http://uktenders.gov.in में अपलोड करना आवश्यक है।
7. कार्य की धरोहर की धनराशि रू0 1.20 लाख (रूपये दो लाख बीस हजार मात्र) निर्धारित है। निविदादाता से निर्धारित धरोहर धनराशि डिमांड ड्राफ्ट, सावधि जमा रसीद, बैंकर्स , बैंक गारन्टी के रूप में स्वीकार की जायेगी, जो वित्त अधिकारी, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के पदनाम से बन्धक होना चाहिए तथा जो किसी वाणिज्यिक बैंक से निर्गत हो तथा शाखा टिहरी गढवाल में देय होनी चाहिए। **धरोहर राशि जिस रूप में हो, निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड की जायेगी तथा उसकी मूल प्रति तकनीकी लिफाफे में**

**रखकर विश्वविद्यालय को उपलब्ध करानी होगी। धरोहर राशि निविदा की तिथि के पश्चात् कम से कम 03 (तीन) माह के लिये वैध होनी चाहिए।** सफल निविदादाताओं की धरोहर राशि विश्वविद्यालय में जमा रहेगी, एक बार प्रस्तुत की गयी निविदा को वापस लेने अथवा सफल निविदादाता द्वारा निर्धारित अवधि तक आवश्यक अनुबन्ध निष्पादित न करने पर धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।

8. निविदादाता को कम से कम 03 (तीन) वर्षों का किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय की उत्तर–पुस्तिका के मुद्रण का अनुभव होना चाहिए। उत्तर–पुस्तिका के मुद्रण अनुभव के लिये सम्बन्धित संस्था/ विश्वविद्यालय द्वारा जारी अनुभव प्रमाण–पत्र एवं सम्बन्धित संस्था/विश्वविद्यालय द्वारा वर्षवार निर्गत कार्यादेश की स्वप्रमाणित प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक है। प्रमाण–पत्र में मुद्रण वर्ष एवं मात्रा का उल्लेख होना आवश्यक होगा।

9. निविदादाता की स्वंय की फर्म होना अनिवार्य है। निविदादाता को कार्यादेश मिलने पर फर्म को किसी दूसरी कम्पनी/फर्म को कार्य करने के लिये उप–पट्टे पर देने का अधिकार नहीं है। यदि ऐसा पाया जाता है कि फर्म ने उप–पट्टे पर कार्य किया है तो उसका कोई भी भुगतान नहीं किया जायेगा एवं उसकी धरोहर राशि/परफोरमेन्स गारन्टी भी जब्त कर ली जायेगी तथा फर्म को काली सूची में डाला जा सकता है।

10. दरें स्वीकृत हो जाने के पश्चात विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति प्रेस का निरीक्षण कर सकती हैं यदि निरीक्षण में फर्म उक्त कार्य को करने के लिये सक्षम नहीं पायी जाती है तो मुद्रण कार्य दूसरी वरियता वाली फर्म को दिया जा सकता है तथा ऐसी गलत पाई गई फर्म की धरोहर राशि जब्त की जा सकती है।

11. निविदादाता का मुद्रण कार्य/मुद्रण उद्योग में विगत 03 वित्तीय वर्षों (2021–22, 2022–23, 2023–24) में प्रत्येक वर्ष का टर्न ओवर न्यूनतम 50 लाख़ प्रतिवर्ष होना चाहिए। टर्न ओवर के विवरण की किसी रजिस्टर्ड चाटर्ड एकाउन्टेंट द्वारा प्रमाणित प्रति की स्वप्रमाणित प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी।

12. निविदादाता के मुद्रणालय में कार्यरत् मशीनों में से प्रत्येक मशीन की क्षमता का सक्षम संस्था / विभाग द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी। जिससे निविदादाता की मुद्रण क्षमता का आंकलन किया जा सके।

13. निविदादाता के विगत 03 वित्तीय वर्ष (2022–23, 2023–24, 2024–25) के आयकर रिटर्न की स्वप्रमाणित प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी।

14. स्थायी आयकर खाता संख्या (PAN) कार्ड की स्वप्रमाणित प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी।

15. GST के पंजीकरण संख्या की स्वप्रमाणित प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी।

16. निविदादाता को निम्नलिखित तथ्यों का रू0 100–00 (रूपये एक सौ) के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र देना होगा–

(क)—निविदा में दर्शायी गई समस्त सूचनाएँ प्रत्येक दशा में सत्य हैं और ऐसी कोई सूचना, जो देना आवश्यक है, छिपाई नहीं गयी है। यदि कोई सूचना छिपाई जाती है तो विश्वविद्यालय द्वारा जो भी विधिक कार्यवाही की जायेगी वह निविदादाता को मान्य होगी।

(ख)—किसी भी सरकारी विभाग / राज्य सरकार में किसी भी प्रकार का विधिक विवाद गतिमान नहीं है और न ही प्रस्तावित है।

(ग)—फर्म को विगत 05 वर्षों में किसी भी राज्य द्वारा न ही काली सूची में दर्ज किया गया है और न ही उसकी सुरक्षा धनराशि को जब्त की गयी है।

उक्त शपथ पत्र निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करना आवश्यक होगा तथा मूल शपथ पत्र तकनीकी लिफाफे में रखकर इस विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना होगा।

17. निविदादाता को कारखाना अधिनियम या उद्यम आधार में पंजीकृत होना चाहिए पंजीकरण के साक्ष्य के अभिलेख की स्वप्रमाणित प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी।

18. निविदादाता के पास विगत 03 वित्तीय वर्षों (2021—22, 2022—23, 2023—24) में रू0 35/—लाख का किसी भी सरकारी संस्था / विश्वविद्यालय में उत्तर—पुस्तिका मुद्रण में एकल आदेश होना चाहिए। ऐसे आदेश की स्वप्रमाणित प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी।

19. निविदादाता द्वारा सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी।

20. निविदादाता को स्वयं की इकाई में **मुद्रित पुस्तिकाओं की 02 प्रतियों तकनीकी लिफाफे में रखकर इस विश्वविद्यालय में जमा करनी आवश्यक होगी** जिसको निर्धारित पोर्टल में अपलोड नहीं किया जाना है।

21. निविदा प्रपत्र की **शुल्क जमा रसीद / बैंक ड्राफ्ट की प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी तथा उसकी मूल प्रति तकनीकी लिफाफे में रखकर** इस विश्वविद्यालय में जमा करनी आवश्यक होगी।

22. निविदादाता को समस्त मशीनों का विवरण साईज, प्रकार, मॉडल, कय तिथि के विवरण की स्वप्रमाणित प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी।

23. निविदादाता/मुद्रणालय के स्वामी के आधार की प्रति निर्धारित पोर्टल में अपलोड करनी आवश्यक होगी।

24. वर्तमान निविदा के सापेक्ष प्रतिक्रिया दो बोली प्रणाली (तकनीकी तथा वित्तीय) से की जायेगी। इस निविदा के **संलग्नक 01** के अनुसार तकनीकी विड का प्रारूप एवं समस्त वांछित प्रारूप ऑनलाईन जमा किये जाने आवश्यक हैं अन्यथा तकनीकी बिड निरस्त कर दी जायेगी।

25. यदि किसी कारणवश निविदा खोले जाने के दिवस को अवकाश घोषित होता है तो उस स्थिति में अगले कार्यदिवस में निविदायें खोली जायेंगी।

26. जिस फर्म की निविदायें अस्वीकृत हो जायेंगी उससे सम्बन्धित धरोहर राशि एक माह के भीतर सम्बन्धित फर्म को वापस कर दी जायेंगी।

27. निविदादाता द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं को विश्वविद्यालय तक लाने की व्यवस्था अपने व्यय से कराना होगा। इस कार्य के लिए किसी प्रकार का अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जायेगा।

28. द्वितीय पक्ष यदि अनुबन्ध के बिन्दुओं में किसी एक अथवा एक से अधिक शर्तों का पालन नहीं करता अथवा भेजी गई उत्तर पुस्तिकायें सन्तोषजनक नहीं पायी जाती हैं तो वह अनुबन्ध की शर्तें भंग करने का दोषी होगा तथा ऐसी स्थिति में :–

- द्वितीय पक्ष का अनुबन्ध समाप्त किया जा सकता है।
- विश्वविद्यालय की गठित समिति के निर्णयानुसार कार्यवाही की जायेगी।
- फर्म का नाम Black - List किया जा सकता है।
- यदि द्वितीय पक्ष द्वारा त्रुटिपूर्ण आपूर्ति की जाती है तो इसका सम्पूर्ण व्ययभार सम्बन्धित फर्म का होगा तथा इस पर अन्तिम निर्णय विश्वविद्यलाय द्वारा लिया जायेगा।

## वित्तीय निविदा की शर्तें

1. जिन निविदादाताओं की तकनीकी निविदा अर्ह होगी केवल उन्हीं की वित्तीय निविदा द्वितीय चरण में खोली जायेगी।

2. वित्तीय निविदा केवल उक्त पोर्टल में ही अपलोड की जायेगी। उक्त पोर्टल के अतिरिक्त अन्य माध्यम से दी गयी दरें स्वीकार नहीं होगी। **उत्तर पुस्तिकाओं की दर प्रति हजार (यानि एक हजार उत्तर पुस्तिका की दर) में देनी होगी।**

3. उत्तर पुस्तिका के मुद्रण के पश्चात् उसकी आपूर्ति सम्बन्धित फर्म/मुद्रणालय / व्यक्ति द्वारा **विश्वविद्यालय के बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल स्थित कार्यालय एवं विश्वविद्यालय शिविर कार्यालय, ऋषिकेश में करनी होगी।** अतएव निविदा दर में उत्तर पुस्तिकों के परिवहन एवं हैण्डलिंग की दर एवं जी०एस०टी० की राशि भी सम्मिलित होनी चाहिए। विश्वविद्यालय द्वारा परिवहन एवं हैण्डलिंग में व्यय धनराशि का पृथक से भुगतान नहीं किया जायेगा। निविदा दर रूपयों में अंकित की जाए जो शब्दों एवं अंकों में देना अनिवार्य होगा।

4. सम्पूर्ण निविदा L-1 के आधार पर की जायेगी।

## भुगतान की शर्तें

1. फर्म द्वारा बिल विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करने के उपरान्त एक माह के अन्तर्गत सम्बन्धित फर्म का भुगतान किया जायेगा।

2. परीक्षा नियन्त्रक द्वारा सन्तोषजनक कार्य का प्रमाण पत्र उपलब्ध किये जाने के उपरान्त भुगतान किया जायेगा।

3. विश्वविद्यालय द्वारा किये जाने वाले भुगतानों पर प्रचलित दरों से टी0डी0एस0 कटौती कर सम्बन्धित फर्म को भुगतान किया जायेगा।

4. निविदा की दरें समस्त व्यय एवं करों सहित देनी होगी। अलग से किसी भी प्रकार का भुगतान देय नहीं होगा।

## निविदा की अन्य शर्ते

1. निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत उत्तर पुस्तिका का मुद्रण/आपूर्ति सुनिश्चित करवाने के उद्देश्य से अर्ह निविदादाताओं को उनकी क्षमता के अनुरूप ही उत्तर पुस्तिकाऐं आवंटित की जायेंगी। क्षमता का आंकलन तकनीकी विड एवं आवश्यक समझे जाने पर उत्तर–पुस्तिका समिति के द्वारा मुद्रण इकाई के भौतिक सत्यापन के आधार पर किया जायेगा। निविदादाताओं की क्षमता का आंकलन करने एवं संतुष्ट होने के बाद ही **विश्वविद्यालय के द्वारा निर्धारित न्यूनतम दर (L–1) के आधार पर उत्तर–पुस्तिकाओं के मुद्रण हेतु कार्यादेश किया जायेगा।** इस प्रकार विश्वविद्यालय का निर्णय सभी निविदादाताओं को मान्य होगा।

2. न्यूनतम दर एक से अधिक फर्मो की प्राप्त होने पर कार्य का आवंटन का निर्णय विश्वविद्यालय द्वारा लिया जायेगा, जो समस्त निविदादाताओं को मान्य होगा।

3. किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को किसी भी समय बिना किसी कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

4. सम्बन्धित कार्य एवं निविदा के परिप्रेक्ष्य में यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसे कुलपति जी के निर्णयार्थ (Arbitration) प्रस्तुत किया जायेगा और उनका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा।

5. निविदा के सम्बन्ध में किसी भी विवाद के लिये न्यायिक क्षेत्राधिकार टिहरी गढवाल होगा, अन्य किसी भी न्यायालय में विचारार्थ नहीं होगा।

6. सफल निविदादाता द्वारा विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर विश्वविद्यालय के साथ रू0 100/–(रू० एक सौ मात्र) के नॉन–ज्यूडीशियल स्टॉम्प पेपर में कार्य अनुबन्ध करना होगा। अनुबन्ध के समय सफल निविदादाता को अनुबन्ध राशि का 10 प्रतिशत धनराशि कार्यपूर्ति प्रतिभूति के रूप में इस विश्वविद्यालय को जमा करना होगा। सफल निविदादाता से निर्धारित कार्यपूर्ति प्रतिभूति डिमांड ड्राफ्ट, सावधि जमा रसीद, बैंक गारन्टी के रूप में स्वीकार की जायेगी, जो वित्त अधिकारी, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल के पदनाम से बन्धक होना चाहिए तथा जो किसी वाणिज्यिक बैंक से निर्गत हो तथा शाखा टिहरी गढवाल में देय होनी चाहिए। **कार्यपूर्ति प्रतिभूति 01 वर्ष के पश्चात् कम से कम 60 (साठ) दिन बाद तक वैध होनी आवश्यक है।**

7. सफल निविदादाता द्वारा यदि अनुबन्ध के अनुरूप कार्य सम्पादन में असमर्थता व्यक्त की जाती है तो उनकी कार्यपूर्ति धनराशि विश्वविद्यालय के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी तथा इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

8. सफल निविदादाता द्वारा दर स्वीकृत होने के उपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दिवसों के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के साथ अनुबन्ध करना होगा। यदि सफल निविदादाता द्वारा अनुबन्ध करने से इन्कार किया जाता है तो उसकी धरोहर की धनराशि विश्वविद्यालय के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी तथा इस सम्बन्ध में निविदादाता का कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

9. किसी भी विवाद या असहमति की स्थिति में दोनों पक्ष आम सहमति से विवादों के निपटारे का प्रयास करेगे। प्रयास असफल होने की स्थिति में दोनों पक्षकारों की सहमति से मध्यस्थ की नियुक्ति की जायेगी। मध्यस्थता के संदर्भ में मध्यस्थ और सुलह अधिनियम, 1996, 2012, 2013 (अधिनियम) के प्राविधान लागू होगे, मध्यस्थता की कार्यवाही टिहरी गढवाल में होगी। मध्यस्थ द्वारा पारित निर्णय अंतिम होगा और शामिल पक्षों पर बाध्यकारी होगा।

10. कागज की गुणवत्ता के बारे में विश्वविद्यालय को अधिकार होगा कि मुद्रण के दौरान/बाद में मुद्रित एवं बिना मुद्रित कागज के नमूने एकत्रित कर किसी रासायनिक प्रयोगशाला में जाँच करायी जा सकती है।

11. सशर्त रूप से दी गयी निविदा स्वीकार नहीं होगी।

12. कार्य के अनुबन्ध की अवधि एक वर्ष तक की होगी, जिसे बढाया जा सकता है।

13. आयकर सफल निविदादाता से शासनादेशानुसार वसूल किया जायेगा जो निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त कार्य के बिल से काटकर राजकीय पक्ष में जमा किया जायेगा।

14. कागज, स्याही, मुद्रण सामग्री / मुद्रण मशीनों एवं उत्तर पुस्तिकाओं के ढुलान हेतु परिवहन साधनों का प्रबन्ध सफल निविदादाता को स्वयं करना होगा। किसी समय कागज, स्याही, मुद्रण सामग्री एवं परिवहन दरों में वृद्धि होने पर विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

15. अवयस्क व्यक्ति द्वारा दी गई निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

16. <u>दण्डात्मक प्रावधान</u> – विश्वविद्यालय द्वारा उत्तर पुस्तिका की गुणवत्ता में कमी अथवा मुद्रण/आपूर्ति में विलम्ब की स्थिति में फर्म के विरूद्ध निम्नवत् दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी–

(क)– <u>विलम्ब दण्ड</u> –

उत्तरपुस्तिका आपूर्ति में विलम्ब की स्थिति में निम्नवत् कटौती की जायेगी –

- 01 से 10 दिन विलम्ब से आपूर्ति उत्तर पुस्तिका के कुल मुद्रण मूल्य का 2 प्रतिशत कटौती एवं कार्यपूर्ति जमानत राशि जब्त की जायेगी।
- 11 से 20 दिन विलम्ब से आपूर्ति उत्तर पुस्तिका के कुल मुद्रण मूल्य का 5 प्रतिशत कटौती एवं कार्यपूर्ति जमानत राशि जब्त की जायेगी।

- 21 से 30 दिन विलम्ब से आपूर्ति उत्तर पुस्तिका के कुल मुद्रण मूल्य का 10 प्रतिशत कटौती एवं कार्यपूर्ति जमानत राशि जब्त की जायेगी।
- 30 दिन से अधिक विलम्ब की स्थिति में कुल मुद्रण मूल्य के 10 प्रतिशत के अतिरिक्त मुद्रक की कार्यपूर्ति जमानत धनराशि जब्त कर उसे काली सूची में दर्ज किया जायेगा।

(ख)– <u>खराब मुद्रण, कम माप, कम गुणवत्ता–</u>

- उत्तर–पुस्तिका के सत्यापन में मानक के अनुरूप मुद्रण न पाये जाने अथवा खराब मुद्रण की दशा में सम्बन्धित उत्तर–पुस्तिका के कुल मूल्य से अधिकतम 15 प्रतिशत तक की कटौती की जायेगी।
- उत्तर–पुस्तिका निर्धारित माप के अनुरूप सही नहीं पाये जाने पर उत्तर–पुस्तिका के कुल बिल मूल्य में से 10 प्रतिशत के बराबर कटौती की जायेगी।
- उत्तर पुस्तिका की जाँच में गुणवत्ता में कमी पाई जाती है तो उत्तर–पुस्तिका के कुल बिल में से 20 प्रतिशत तक की कटौती की जायेगी।

**17. उत्तर पुस्तिकाओं का मुद्रण निम्नानुसार किया जायेगा –**

- फर्म द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं की आपूर्ति निर्देशानुसार वाटर प्रुफ पैंकिग के साथ करनी होगी। बण्डल के बाहर मार्कर पेन या कम्प्यूटर द्वारा प्रिन्ट मोटे शब्दों में उत्तर पुस्तिका का नाम (अ एवं स) कमांक संख्या (कहां से कहां तक) तथा उत्तर पुस्तिकाओं की कुल संख्या अंकित किया जाना आवश्यक होगा।
- उत्तर पुस्तिकाओं में अच्छी स्टिचिंग/ सिलाई होगी तथा विश्वविद्यालय के नाम की परफोरेशन पंचिग भी होगी।
- कवर पेज पर परीक्षा नियंत्रक के फेसिमाइल हस्ताक्षर मुद्रित होगे।
- उत्तर पुस्तिकाओं के बायी ओर पंच किया जायेगा। उत्तर पुस्तिकाओं के आवरण पृष्ठ पर विश्वविद्यालय पर मोनोग्राम मुद्रित होगा।
- प्रत्येक पृष्ठ पर एक सेमी0 चौडी 20 समान्तर पंक्तियां होंगी तथा बाये और 01 इंच के हाशिये पर खड़ी रेखा पर विश्वविद्यालय का नाम अंकित होगा।
- उत्तर पुस्तिका के हर एक पृष्ठ में पृष्ठ नं0 अनिवार्य रूप से अंकित हो।
- उत्तर पुस्तिका के हर एक पृष्ठ में एवं कवर पृष्ठ पर Variable Barcode क्रमांक के साथ मुद्रित हो।
- अ एवं स उत्तर पुस्तिकाओं के कवर पृष्ठ के उपर भाग पर 0000001 से कमांक मुद्रित होना आवश्यक है।

- उत्तर पुस्तिकाओं का विवरण निम्नवत होगा–

| क्रम सं0 | उत्तर पुस्तिका का विवरण | पृष्ठों की संख्या | तैयार माप | मुद्रित की जाने वाली उत्तरपुस्तिकाओं की संख्या (अनुमानित) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | अ उत्तर पुस्तिका | 24 पृष्ठ | 28X21 सेमी0 | 10,00000 (दस लाख) |
| 02 | स उत्तर पुस्तिका | 08 पृष्ठ | 28X21 सेमी0 | 5,00000 (पांच लाख) |

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव।

संलग्नक 01

# तकनीकी बिड प्रारूप

**श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय की परीक्षाओं हेतु उत्तर पुस्तिका मुद्रण एवं आपूर्ति हेतु तकनीकी निविदा सत्र 2025–26**

| क्रम सं0 | विवरण | विवरण | | संलग्नक कमांक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | निविदादाता का नाम | | | |
| 02 | निविदादाता की फर्म का नाम तथा पता | | | |
| 03 | निविदा प्रपत्र शुल्क राशि के रूप में रू0 3000.00 की राशि जमा करने का विवरण | | | |
| 04 | निविदादाता फर्म के पैन कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें। | | | |
| 05 | निविदादाता फर्म के प्राधिकृत सम्पर्ककर्ता का नाम | | | |
| 06 | निविदादाता फर्म के अधिकृत सम्पर्ककर्ता का फोन/मो0 नम्बर | | | |
| 07 | निविदादाता फर्म की ईमेल | | | |
| 08 | निविदादाता फर्म के जी0एस0टी0 पंजीकरण की स्वप्रमाणित पंजीकरण की प्रति अपलोड करें। | | | |
| 09 | निविदादाता फर्म को किसी भी शासकीय संस्थान द्वारा ब्लैकलिस्ट न किये जाने सम्बन्धी शपथपत्र की स्कैन प्रति अपलोड करें **(संलग्नक–03)**। | | | |
| 10 | निविदादाता फर्म के वार्षिक टर्न ओवर सम्बन्धी सी0ए0 के प्रमाण पत्र की स्कैन प्रति अपलोड करें। | **Financial Year** | **Turn Over** | |
| | | 2022-23 | 50,00,000 | |
| | | 2023-24 | 50,00,000 | |
| | | 2024-25 | 50,00,000 | |
| 11 | निविदादाता फर्म के आयकर रिटर्न जमा करने सम्बन्धी प्रमाण पत्र की स्कैन प्रति अपलोड करें। | Assessment Year 2022-23 | | |
| | | Assessment Year 2023-24 | | |
| | | Assessment Year 2024-25 | | |
| 12 | निविदादाता फर्म द्वारा पूर्व में की गयी आपूर्तियों का अनुभव प्रमाण पत्र स्कैन प्रति अपलोड करें। | | | |
| 13 | मुद्रक फर्म के किसी पेपर मिल्स की अधिकृत विकता होने का प्रमाण पत्र | | | |

**हस्ताक्षर निविदादाता**

**मुहर**

# Financial Specification for Printing Answer Booklet

**Taxes Excluded**

| S.No | Particulars | Quantity (approx) | Rate per Unit in 1000 | Rate in Figure |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **Supply of 'A' Answer Booklet**<br>• Paper Size A4,70 GSM, A grade Paper.<br>• Front page Sri Dev Suman Uttarakhand University Logo with Signature of COE, Booklet serial no and table for marks award etc.<br>• Instruction at the back side of front page.<br>• Thread stitching by left side , left margin with Sri Dev Suman Uttarakhand University lining.<br>• Packing of copy with use good quality water resistant poly bag, A Answer sheets will be packed at the rate of 300 per bundle. | **10,00,000** | | |
| 2 | **Supply of 'C' Answer Booklet**<br>• Paper Size A4,70 GSM, A grade Paper.<br>• Front page Sri Dev Suman Uttarakhand University Logo with Signature of COE, Booklet serial no and table for marks award etc.<br>• Instruction at the back side of front page.<br>• Thread stitching by left side , left margin with Sri Dev Suman Uttarakhand University lining.<br>• Packing of copy with use good quality water resistant poly bag, C answer sheets will be packed at the rate of 500 per bundle | **5,00,000** | | |

# UNDERTAKING

I/ We do hereby declare that our firm is not black listed or debarred or prohibited by Government of Uttarakhand / Government of India or any State Government / Board / Universities, since inception of the firm /Company, and no enquiry is pending against my/our firm/Company and no criminal case is pending against the firm/Company.

I further undertake and understand that if above declaration proves to be wrong/ incorrect or misleading, our tender / contract stands to be cancelled/terminated.

**(Signature of Authorized Person)**

**Name and seal of the firm**

**Date:**